CONCEPT

# NEWS COVERAGE REPORT

# OF

# CULTURE DEPARTMENT

# FOR

# 24 JANUARY 2025

CONCEPT

# DAILY NEWS

## उ0प्र0 स्थापना दिवस 24 जनवरी को भव्य एवं दिव्य ढंग से मनाया जायेगा

| Publication | अमर उजाला | Publishing Date : | 24 JAN 2025 | — |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| | | | | |

Edition- लखनऊ(1), प्रयागराज

# छह हस्तियों को आज यूपी गौरव सम्मान

**यूपी दिवस पर उपराष्ट्रपति, राज्यपाल व सीएम करेंगे सम्मानित, अवध शिल्प ग्राम में 24 से 26 जनवरी तक मनाया जाएगा यूपी दिवस**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर शुक्रवार को अवध शिल्प ग्राम में विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाली छह हस्तियों को यूपी गौरव सम्मान से नवाजा जाएगा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व सीएम योगी आदित्यनाथ सभी को 11-11 लाख रुपये और शील्ड देकर सम्मानित करेंगे।

पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बृहस्पतिवार को लोकभवन में प्रेसवार्ता में बताया कि स्थापना दिवस समारोह 24 से 26 जनवरी तक अवध शिल्प ग्राम में मनाया जाएगा। इस अवसर पर




पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह।

75 जिलों के ओडीओपी उत्पाद, छह अंचलों के खान-पान, कला व संस्कृति का भी प्रदर्शन किया जाएगा। विकास व विरासत : प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश थीम पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के गौरवशाली इतिहास और वर्तमान दोनों दिखेंगे।

सभी विभागों द्वारा इस थीम पर प्रदर्शनी, संगोष्ठी, सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिता, रोड शो आदि कार्यक्रम किए जाएंगे। 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस-मतदाता जागरूकता दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस से जुड़े आयोजन होंगे। लखनऊ के साथ ही नोएडा शिल्प ग्राम, महाकुंभ में विभाग के पंडाल और प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में भी आयोजन किए जाएंगे। ब्यूरो

## इन्हें मिलेगा सम्मान

यूपी गौरव सम्मान से वाराणसी के कृष्णकांत शुक्ल (भौतिक विज्ञान, संगीतकार, कवि), वृंदावन मथुरा के हिमांशु गुप्ता (उद्यमी-पर्यावरणविद), कानपुर के मनीष वर्मा (कृषि-दलित उद्यमी), बुलंदशहर की कृष्णा यादव (महिला उद्यमी), बुलंदशहर के ही कर्नल सुभाष देशवाल (कृषि-उद्यम) और बहराइच के डॉ. जय सिंह (केला उत्पादन) को सम्मानित किया जाएगा।



बहराइच के केला उत्पादक डॉ. जय सिंह।

CONCEPT

| Publication | अमर उजाला (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 24 JAN 2025 | Page 04 |
|---|---|---|---|---|

# कलाकारों में कोई भेद नहीं हो रहा



लखनऊ। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बृहस्पतिवार को लोकभवन में उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक राजनीतिक दल द्वारा कलाकारों के चयन व संख्या में भेदभाव पर कहा कि 2017 से पहले संस्कृति विभाग में लगभग 1000 कलाकारों को मंच मिलता था। वर्तमान में पोर्टल पर 9200 कलाकार दल रजिस्टर हैं। एक दल में न्यूनतम छह यानी लगभग 55 हजार कलाकारों को प्रस्तुति का अवसर मिल रहा है।

विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर 25 जनवरी को विभाग की तरफ से युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों द्वारा पेंटिंग, रील, पर्यटन प्रदर्शनी लगाई जाएगी। आध्यात्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन पर आधारित लघु फिल्म प्रस्तुत की जाएगी। 26 को संस्कृति, कला जगत से जुड़ी हस्तियों को राजभवन में सम्मानित किया जाएगा। पर्यटन के क्षेत्र में अच्छा काम करने वाले उद्यमियों व स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

| Publication | हिन्दुस्तान (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 24 JAN 2025 | Page 10 |
|---|---|---|---|---|

# लखनऊ के मनीष वर्मा समेत छह को यूपी गौरव सम्मान

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक अवध शिल्प ग्राम में होगा। साथ ही महाकुम्भ के सेक्टर-7, नोएडा शिल्पग्राम समेत सभी 75 जनपदों में भी विविध आयोजन होंगे।

**24** से 26 जनवरी तक अवध शिल्प ग्राम में होगा कार्यक्रम

**75** जिलों में आयोजित किए जाएंगे विविध कार्यक्रम

लखनऊ में होने वाले मुख्य कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। स्थापना दिवस की थीम 'विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश' है। इस बार छह लोगों को 'उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान' दिया जाएगा। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

लोकभवन सभागार में पत्रकारों से बातचीत में जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के आयोजन की थीम 'विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश' रखी गई है। प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि विरासत व विकास पर अलग-अलग प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही 75 जनपदों के ओडीओपी, कला शिल्प की प्रदर्शनी, फूड कोर्ट में विभिन्न अंचलों का स्वाद ले सकेंगे।

## 11 लाख रुपये, प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र दिया जाएगा

जयवीर सिंह ने बताया कि विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान मिलेगा। इन्हें पुरस्कार स्वरूप 11 लाख रुपये, प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान वाराणसी के कृष्णकांत शुक्ल (भौतिक विज्ञान, संगीतकार, कवि), वृंदावन मथुरा के (उद्यमी-पर्यावरणविद) हिमांशु गुप्ता, लखनऊ के मनीष वर्मा (कृषि-दलित उद्यमी), बुलंदशहर की कृष्णा यादव (महिला उद्यमी), बुलंदशहर के ही कर्नल सुभाष देशवाल (कृषि-उद्यम) व बहराइच के डा. जय सिंह (केला उत्पादन) को मिलेगा।

## मनीष की लंबी छलांग



उद्यमी एलडीए कॉलोनी निवासी मनीष वर्मा यूपी दिवस पर सम्मानित होंगे। ड्रीम वर्ल्ड रिजार्ट के साथ ही उन्होंने फिल्म निर्माण, मत्स्य संपदा और खाद्य के क्षेत्र में भी शुरुआत की। बीपी सन्स फन एंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं। प्रयागराज में उनका जन्म हुआ। मात्र 28 वर्ष की उम्र में लखनऊ में ड्रीमवर्ल्ड रिजॉर्ट शुरू किया, जो भारत का पहला इनडोर वाटर पार्क है।

# स्वरोजगार के लिए आगे आए 1100 युवा



**NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** राजधानी में स्वरोजगार के लिए 1100 से अधिक प्रशिक्षित युवा आगे आए हैं। इनमें से कई युवाओं को सीएम योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को यूपी दिवस में अपना कारोबार शुरू करने के लिए लोन का चेक देंगे। अवध शिल्प ग्राम में गुरुवर को यूपी दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' के तहत युवाओं को रोजगार शुरू करने के लिए बिना ब्याज और गारंटी के पांच लाख रुपये का लोन उपलब्ध कराया जाएगा। प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम, मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब, डीएम विशाख और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने गुरुवार को तैयारियों का जायजा लिया।

CONCEPT

| Publication | राष्ट्रीय सहारा (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 24 JAN 2025 | Page 02 |
|---|---|---|---|---|

# यूपी स्थापना दिवस आज, छह को मिलेगा 'यूपी गौरव सम्मान'

- उपराष्ट्रपति, राज्यपाल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रहेंगे मौजूद
- 11 लाख की धनराशि व मोमेंटों मिलेगा, यश भारती से अलग होगा यूपी गौरव सम्मान

लखनऊ (एसएनबी)। उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक राजधानी के अवधशिल्प ग्राम में होगा। इसके साथ ही महाकुम्भ के सेक्टर-7, नोएडा शिल्पग्राम समेत सभी 75 जिलों में भी विविध आयोजन होंगे। लखनऊ में होने वाले मुख्य महोत्सव में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। इस मौके पर छह लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान प्रदान किया जाएगा। स्थापना दिवस की थीम 'विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश' है।

लोकभवन में संस्कृति व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने वताया कि उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के आयोजन की थीम 'विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश' रखी गई है। सभी विभागों द्वारा उसी थीम पर प्रदर्शनी, संगोष्ठी, सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिता, रोड शो आदि होंगे। 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस-मतदाता जागरूकता दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का धूमधाम से आयोजन होगा। विरासत व विकास पर अलग-अलग प्रदर्शनी लगाई जाएगी। विरासत पर लगाई गई प्रदर्शनी में पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल विहारी वाजपेयी के शताव्दी वर्ष पर उनके जीवन प्रसंग आदि से दर्शक अवगत हो सकेंगे। इसके अलावा भगवान विरसा मुंडा की 150वीं जयंती, सरदार वल्लभ भाई पटेल, हमारा संविधान व हमारा स्वाभिमान आदि पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा सफल प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 75 जनपदों के ओडीओपी, कला शिल्प की प्रदर्शनी, फूड कोर्ट में विभिन्न अंचलों का स्वाद ले सकेंगे।

विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान मिलेगा। इन्हें पुरस्कार स्वरूप 11 लाख रुपये, प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान वाराणसी के कृष्णकांत शुक्ल (भौतिक विज्ञान, संगीतकार, कवि), वृंदावन मथुरा के उद्यमी-पर्यावरणविद हिमांशु गुप्ता, कानपुर के मनीष वर्मा कृषि-दलित उद्यमी), वुलंदशहर की कृष्णा यादव (महिला उद्यमी), वुलंदशहर के ही कर्नल सुभाष देशवाल (कृषि-उद्यम) व वहराइच के डा. जय सिंह (केला उत्पादन) को मिलेगा।

## सपा सरकार में यश भारती बन गयी थी खैरात : जयवीर



लखनऊ (एसएनबी)। योगी सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सपा अध्यक्ष का नाम लिये विना हमला वोला और कहा कि सनातन का विरोध लगातार समाजवादी पार्टी के वड़े नेता करते रहे हैं। मुझे लगता है कि उनका स्वास्थ्य ठीक नही है, उन्हें इलाज की जरूरत है। यह तो डाक्टर ही वताएंगे कि उनका कौन सा स्वास्थ्य ठीक नहीं है। श्री सिंह ने यूपी गौरव व यशभारती सम्मान को लेकर सवाल पर साफ किया कि यश भारती तो एक खैरात सी हो गयी थी। तव की सपा सरकार में जिस कार्यकर्ता को ओवलाइज करना होता था, उसे यश भारती दे दिया जाता था, लेकिन योगी सरकार ने उस पर रोक लगाया।

CONCEPT

| Publication | पायनियर (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 24 JAN 2025 | Page 02 |
|---|---|---|---|---|

# उप राष्ट्रपति आज शहर में, छह लोगों को करेंगे उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से सम्मानित

- 24 से 26 जनवरी तक अवध शिल्पग्राम में मनाया जाएगा उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस
- राज्यपाल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रहेंगे मौजूद



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के स्थापना दिवस का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक अवधशिल्प ग्राम में होगा। इसके साथ ही महाकुम्भ के सेक्टर-7, नोएडा शिल्पग्राम समेत सभी 75 जनपदों में भी विविध आयोजन होंगे। लखनऊ में होने वाले मुख्य महोत्सव में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। स्थापना दिवस की थीम 'विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश' है। इस बार छह लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान प्रदान किया जाएगा।

लोकभवन सभागार में मीडिया से मुखातिब संस्कृति व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के आयोजन की थीम 'विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश' रखी गई है। सभी विभागों द्वारा उसी थीम पर प्रदर्शनी, संगोष्ठी, सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिता, रोड शो आदि होंगे। 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस-मतदाता जागरूकता दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का धूमधाम से आयोजन होगा। विरासत व विकास पर अलग-अलग प्रदर्शनी लगाई जाएगी। विरासत पर लगाई गई प्रदर्शनी में पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के शताब्दी वर्ष पर उनके जीवन प्रसंग आदि से दर्शक अवगत हो सकेंगे। इसके अलावा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, सरदार वल्लभ भाई पटेल, हमारा संविधान व हमारा स्वाभिमान आदि पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा सफल प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 75 जनपदों के ओडीओपी, कला शिल्प की प्रदर्शनी, फूड कोर्ट में विभिन्न अंचलों का स्वाद ले सकेंगे। राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर 25 जनवरी को विभाग की तरफ से युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों द्वारा पेंटिंग, रील्स, पर्यटन प्रदर्शनी आदि लगाई जाएगी। आध्यात्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन पर आधारित लघु फिल्म व युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों की गतिविधियों पर आधारित लघु फिल्म प्रस्तुत की जाएगी। 26 जनवरी को संस्कृति, कला जगत से जुड़ी हस्तियों को राजभवन में सम्मानित किया जाएगा।

## इन छह लोगों को मिलेगा उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान

**विभिन्न** विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान मिलेगा। इन्हें पुरस्कार स्वरूप 11 लाख रुपये, प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान वाराणसी के कृष्णकांत शुक्ल (भौतिक विज्ञान, संगीतकार, कवि), वृंदावन मथुरा के (उद्यमी-पर्यावरणविद) हिमांशु गुप्ता, कानपुर के मनीष वर्मा (कृषि-दलित उद्यमी), बुलंदशहर की कृष्णा यादव (महिला उद्यमी), बुलंदशहर के ही कर्नल सुभाष देशवाल (कृषि-उद्यम) व बहराइच के डॉ जय सिंह (केला उत्पादन) को मिलेगा।

CONCEPT

| Publication | आज (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 24 JAN 2025 | Page 02 |
| --- | --- | --- | --- | --- |

# यूपी दिवस आज, आधा दर्जन लोगों को मिलेगा यूपी गौरव सम्मान-जयवीर

## उपराष्ट्रपति और सीएम योगी रहेंगे मौजूद



**आज समाचार सेवा**

**लखनऊ।** यूपी दिवस पर आधा दर्जन लोगों को यूपी गौरव सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। लोकभवन में मीडिया से मुखातिब पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूपी दिवस 24 जनवरी से 26 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रमों, प्रदर्शनी आदि का आयोजन विभाग की तरफ से भी किया जा रहा है। अवध शिल्प ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में इस बार छह लोगों को यूपी गौरव सम्मान दिया जाएगा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, सीएम योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में इसमें प्रत्येक को 11, 11 लाख रुपये और शील्ड आदि दिया जाएगा। मंत्री ने बताया कि इस अवसर पर 75 जिलों के ओडियोपी उत्पाद, खान पान, कला, संस्कृति का भी प्रदर्शन किया जायेगा। विकास व विरासतरू प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश थीम पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश का गौरवशाली इतिहास और वर्तमान दोनों दिखेगा। इससे जुड़ी प्रदर्शनी व कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 25 जनवरी को मतदाता जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम होंगे। लखनऊ के साथ ही नोएडा शिल्प ग्राम, महाकुंभ में विभाग के पंडाल और जिला मुख्यालयों पर भी आयोजन किया जाएगा। कुंभ में लोगों के रुकने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की सवाल पर उन्होंने कहा कि काफी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं, हम उनके ठहरने का बेहतर प्रबंध करने का प्रयास कर रहे हैं।

CONCEPT

| Publication | Zee News | Publishing Date : | 24 JAN 2025 | Online |
| --- | --- | --- | --- | --- |

[UP Diwas 2025: लखनऊ, नोएडा से लेकर लखीमपुर तक धूमधाम से मनेगा उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस, योगी सरकार की तैयारी | News in Hindi]

# UP Diwas 2025: लखनऊ, नोएडा से लेकर लखीमपुर तक धूमधाम से मनेगा उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस, योगी सरकार की तैयारी

Jan 23, 2025, 17:55 PM IST



CONCEPT

| Publication | हिन्दुस्तान | Publishing Date : | 24 JAN 2025 | Online |
|---|---|---|---|---|

## Grand events will be organized for three days on Uttar Pradesh Foundation Day six people will get pride honor उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर तीन दिन तक होंगे भव्य आयोजन, छह लोगों को मिलेगा गौरव सम्मान, Uttar-pradesh Hindi News - Hindustan

### उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर तीन दिन तक होंगे भव्य आयोजन, छह लोगों को मिलेगा गौरव सम्मान

24 से 26 जनवरी तक आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के मौके पर महाकुम्भ के सेक्टर-7, नोएडा शिल्पग्राम समेत सभी 75 जनपदों में भव्य आयोजन होंगे। इस दौरान यूपी के छह लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान भी दिया जाएगा।

Dinesh Rathour ● लाइव हिन्दुस्तान, लखनऊ
Thu, 23 Jan 2025, 05:05:PM

ऐप पर पढ़ें

CONCEPT

| Publication | अद्भुत समाचार | Publishing Date : | 24 JAN 2025 | Online |
|---|---|---|---|---|

https://adbhutsamachar.com/news/14249#



# उ0प्र0 स्थापना दिवस 24 जनवरी को भव्य एवं दिव्य ढंग से मनाया जायेगा

अन्य खबरे — *Jan 23, 2025 at 06:51 PM , by ADBHUT SAMACHAR ,* 56

स्थापना दिवस पर उपराष्ट्रपति, श्री राज्यपाल, मा0 मुख्यमंत्री जी की गरिमामयी उपस्थिति होगी

CONCEPT

| Publication | अमर उजाला | Publishing Date : | 24 JAN 2025 | Online |
|---|---|---|---|---|

https://www.amarujala.com/lucknow/up-uttar-pradesh-foundation-day-today-cm-yogi-congratulated-these-six-personalities-will-get-state-gaurav-s-2025-01-24?pageId=1

# UP: उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस आज, सीएम योगी ने दी बधाई, इन छह हस्तियों को मिलेगा प्रदेश गौरव सम्मान

**अमर उजाला ब्यूरो, लखनऊ** Published by: रोहित मिश्र Updated Fri, 24 Jan 2025 07:51 AM IST

**सार**

146037 Followers लखनऊ

Uttar Pradesh Foundation Day: आज यूपी का 76वां स्थापना दिवस समारोह है। इस मोके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की जनता को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।


CONCEPT

| Publication | ETV Bharat | Publishing Date : | 24 JAN 2025 | Online |
|---|---|---|---|---|

https://www.etvbharat.com/hi/!state/six-people-will-receive-uttar-pradesh-gaurav-samman-on-up-diwas-lucknow-uttar-pradesh-news-ups25012304558

## एंटरप्रेन्योर मनीष वर्मा सहित 6 लोगों को मिलेगा यूपी गौरव सम्मान, उपराष्ट्रपति के साथ सीएम योगी रहेंगे मौजूद - UP GAURAV DIWAS

***यूपी दिवस का कार्यक्रम लखनऊ, प्रयागराज और नोएडा के अलावा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर होगा. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ होंगे मुख्य अतिथि.***




*एंटरप्रेन्योर्स मनीष वर्मा और बनारस के कृष्णकांत शुक्ला (pic credit; ETV Bharat)*

# CONCEPT

| Publication | जागरण | Publishing Date : | 24 JAN 2025 | Online |
|---|---|---|---|---|

**UP News: राज्य के छह लोगों को मिलेगा उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान, 24 से 26 जनवरी तक अवध शिल्पग्राम में मनाया जाएगा प्रदेश का स्थापना दिवस - Six people of the state will get Uttar Pradesh Gaurav Samman the state foundation day will be celebrated in Avadh Shilpgram from 24 to 26 January**

## UP News: राज्य के छह लोगों को मिलेगा उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान, 24 से 26 जनवरी तक अवध शिल्पग्राम में मनाया जाएगा प्रदेश का स्थापना दिवस

राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर 25 जनवरी को विभाग की तरफ से युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों द्वारा पेंटिंग रील्स पर्यटन प्रदर्शनी आदि लगाई जाएगी। आध्यात्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन पर आधारित लघु फिल्म व युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों की गतिविधियों पर आधारित लघु फिल्म प्रस्तुत की जाएगी। 26 जनवरी को संस्कृति कला जगत से जुड़ी हस्तियों को राजभवन में सम्मानित किया जाएगा।

BY **JAGRAN NEWS**
EDITED BY: **AMIT SINGH**
UPDATED: THU, 23 JAN 2025 05:39 PM (IST)

CONCEPT

| Publication | India TV | Publishing Date : | 24 JAN 2025 | Online |
|---|---|---|---|---|

https://www.indiatv.in/uttar-pradesh/up-foundation-day-celebrations-to-be-held-from-jan-24-26-six-people-to-receive-gaurav-samman-2025-01-23-1107684

# Uttar Pradesh Day: इस साल क्या है यूपी दिवस की थीम? 6 लोग 'यूपी गौरव सम्मान' से होंगे सम्मानित, मिलेंगे इतने लाख रुपये

यूपी दिवस के मौके पर सरकार 6 लोगों को 'यूपी गौरव सम्मान' से सम्मानित करेगी। लखनऊ में होने वाले आयोजन में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे।

Edited By: Khushbu Rawal
X@khushburawal2
Published : Jan 23, 2025 22:33 IST, Updated : Jan 23, 2025 22:33 IST

Follow us on Google News
Advertisement

CONCEPT

| Publication | The Photon News | Publishing Date : | 24 JAN 2025 | Online |
|---|---|---|---|---|

[उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस: छह शख्सियतों को 'उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान', जानें कौन हैं सम्मानित व्यक्ति - The Photon News]

# उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस: छह शख्सियतों को 'उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान', जानें कौन हैं सम्मानित व्यक्ति

**25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस मनाया जाएगा, जिसमें युवा पर्यटन क्लब के सदस्य पेंटिंग, रील्स और पर्यटन से जुड़ी प्रदर्शनी लगाएंगे।**

written by Anurag Ranjan | January 23, 2025



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश की छह प्रमुख शख्सियतों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से नवाजने की घोषणा की है। इन लोगों को उनके विशेष योगदान के लिए यह सम्मान दिया जाएगा, जिसमें साथ ही 11 लाख रुपये और प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान राज्य के विकास में उनके योगदान को मान्यता देने के रूप में दिया जा रहा है।

CONCEPT

| Publication | पत्रिका | Publishing Date : | 24 JAN 2025 | Online |
|---|---|---|---|---|

**UP Foundation Day 2025: यूपी दिवस पर 6 लोग ‘यूपी गौरव सम्मान’ से होंगे सम्मानित, मिलेंगे इतने पैसे | On UP Day, 6 people will be honored with 'UP Gaurav Samman', they will get this much money | Patrika News**

# UP Foundation Day 2025: यूपी दिवस पर 6 लोग ‘यूपी गौरव सम्मान’ से होंगे सम्मानित, मिलेंगे इतने पैसे

> UP Divas: यूपी दिवस के मौके पर सरकार 6 लोगों को ‘यूपी गौरव सम्मान’ से सम्मानित करने वाली है। मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ और सीएम योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। आइये बताते हैं पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने क्या कहा ?

**लखनऊ** • Jan 24, 2025 / 09:33 am • Nishant Kumar



CONCEPT

| Publication | Purvanchal News Print | Publishing Date : | 24 JAN 2025 | Online |
|---|---|---|---|---|

**UP News:** छह लोगों को मिलेगा उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान

# UP News: छह लोगों को मिलेगा उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान



By - Harvansh Patel 1/23/2025 06:44:00 pm

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 24 से 26 जनवरी तक सभी 75 जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

CONCEPT

# UP DIWAS

| Publication | Times of India (Lucknow Edition) | Publishing Date : | 24 JAN 2025 | Page 06 |
|---|---|---|---|---|

# UP Diwas: Govt to honour 6 persons for ushering change

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** The state govt will confer the prestigious Uttar Pradesh Gaurav Samman on six distinguished individuals this year. The list includes Krishnakant Shukla from Varanasi (physics, musician, poet); Himanshu Gupta from Vrindavan, Mathura (entrepreneur-environmentalist); Manish Verma from Kanpur (agriculture-Dalit entrepreneur); Krishna Yadav from Bulandshahr (woman entrepreneur); Colonel Subhash Deshwal from Bulandshahr (agriculture-entrepreneur); and Dr Jai Singh from Bahraich (banana production).

The award, finalised by the state culture department, includes a cash prize of Rs 11 lakh, a certificate of appreciation and a shawl. It will be presented on UP foundation day celebrations due to take place on Jan 24 and 26 at the Awadh Shilp Gram in Lucknow. Vice President Jagdeep Dhankhar, Governor Anandiben Patel and chief minister Yogi Adityanath will be present on the occasion.

Minister for culture and tourism, Jaiveer Singh said that along with the main event, a variety of programmes will be held throughout the state, including at Sector-7 of Maha Kumbh, Noida Shilpgram and in all 75 districts. "The theme for Uttar Pradesh Day 2025 is 'Vikas aur virasat: Pragati path par Uttar Pradesh' (Development and heritage: Uttar Pradesh on the path to progress)," the minister said, adding that the list of activities will include exhibitions, seminars, conferences, cultural programmes, competitions and roadshows organised by various departments, all reflecting this theme.

**The award, finalised by the state culture department, includes a cash prize of Rs 11 lakh, a certificate of appreciation and a shawl**

Singh further said that special exhibitions will highlight the state's heritage and development. A tribute to former Prime Minister and Bharat Ratna Atal Bihari Vajpayee on his centenary year will showcase significant moments from his life. Other exhibits will commemorate the 150th birth anniversary of Birsa Munda, the legacy of Sardar Vallabhbhai Patel and themes such as 'Our Constitution, Our Pride.'

He said that visitors can explore exhibitions featuring arts, crafts and products from all 75 districts under the One District, One Product (ODOP) scheme. Food courts will offer a chance to savour diverse regional cuisines.

| Publication | Hindustan Times (Lucknow Edition) | Publishing Date : | 24 JAN 2025 | Page 06 |
|---|---|---|---|---|

# Around 55K artistes to showcase talent in dists

**LUCKNOW:** Uttar Pradesh will celebrate its Foundation Day with a series of events at Awadh Shilp Gram in Lucknow, Sector-7 Mahakumbh in Prayagraj, and Noida Shilp Gram in Gautam Buddha Nagar, alongside district headquarters in every district of the state.

Around 55,000 artists will present performances in various districts of U.P. during the three-day celebrations.

The celebrations will be graced by dignitaries including vice-president Jagdeep Dhankhar as chief guest, governor Anandiben Patel, and chief minister Yogi Adityanath.

In a press conference at Lok Bhawan on Thursday minister of culture and tourism Jaiveer Singh said, "The theme for Uttar Pradesh Day 2025 is "Development and Heritage: Uttar Pradesh on the Path of Progress." The events will include exhibitions, seminars, conferences, cultural programmes, competitions, and roadshows, all organised around this theme. Notable exhibitions will be organised by the higher education department to commemorate Atal Bihari Vajpayee's centenary, the social welfare department to mark the 150th birth anniversary of Bhagwan Birsa Munda, and the national integration department to honour Sardar Vallabhbhai Patel."

The main event will be held on January 24, 2025, followed by National Tourism Day and Voter Awareness Day on January 25, and Republic Day events on January 26.

Additionally, a three-day tourism exhibition organised by the tourism department will showcase the state's historical and cultural sites, with virtual tours offered of Uttar Pradesh's religious, spiritual, and natural landmarks. Information about the state's developed tourism infrastructure will also be provided. HTC

CONCEPT

| Publication | Hindustan Times | Publishing Date : | 24 JAN 2025 | Online |
|---|---|---|---|---|

https://www.hindustantimes.com/india-news/up-foundation-day-celebrations-to-be-held-from-jan-24-26-six-people-to-receive-gaurav-samman-101737638853000.html

# UP foundation day celebrations to be held from Jan 24-26; six people to receive 'Gaurav Samman'

PTI |

Jan 23, 2025 06:57 PM IST

UP foundation day celebrations to be held from Jan 24-26; six people to receive 'Gaurav Samman'



# CONCEPT

| Publication | Indian Express | Publishing Date : | 24 JAN 2025 | Online |
|---|---|---|---|---|

[UP foundation day to kick off today, six people to receive ‘Gaurav Samman’ | Lucknow News - The Indian Express]

# UP foundation day to kick off today, six people to receive ‘Gaurav Samman’

Friday's Uttar Pradesh Day will be followed by National Tourism Day and Voter Awareness Da
January 25, and Republic Day on January 26.


By: Express News Service
Lucknow | January 24, 2025 04:14 IST

NewsGuard

2 min read



ADVERTISEMENT


Vice-President Jagdeep Dhankhar, Governor Anandiben Patel and Chief Minister Yogi Adityanath will

CONCEPT

| Publication | Hindustan Times | Publishing Date : | 24 JAN 2025 | Online |
|---|---|---|---|---|

https://www.hindustantimes.com/cities/lucknow-news/up-day-around-55k-artistes-to-showcase-talent-in-districts-101737660947846.html

# UP Day: Around 55K artistes to showcase talent in districts

By HT Correspondent, Lucknow

Jan 24, 2025 08:52 AM IST

The celebrations will be graced by dignitaries including vice-president Jagdeep Dhankhar as chief guest, governor Anandiben Patel, and chief minister Yogi Adityanath